व, बचाव का पहला कदम :-
जांच :-
llometry (IOS)
Oscillation Technique)
ary Function Test)
ractional exhaled Nitric Oxide)
एलर्जी की जांच :-
Allergy Test IgE Test
Food Allergy Test
Skin Prick Test
CRD Molecular Test
scopy and Thoracoscopy की सुविधा उपलब्ध
सुविधा उपलब्ध है रिम्स हॉस्पिटल मुढ़ैला, चांदपुर रोड, वाराणसी (कृषि भवन के सामने)
लंग+ प्लस क्लिनिक
Superspeciality Chest & Allergy Clinic
डॉ. विकास जायसवाल
DNB (Respiratory Medicine), DTCD, MBBS
Chest Physician and Critical Care Expert
पूर्वांचल के पहले – IOS सिस्टम लाने वाले
मोपलिजुमैब एंटीबॉडी थेरेपी देने वाले (अस्थमा में) चेस्ट फिजीशियन

ांदपुर रोड, वाराणसी (कृषि भवन के सामने) Helpline Number :- 7307272241, 9120029776   www.drvikasjaiswal.com

महिला होमगार्ड ने रस्सी से फंदा लगाकर दी जान, दो लोग गिरफ्तार

जागरण संवाददाता, वाराणसी : चितईपुर थाना क्षेत्र के नेवादा स्थित हनुमत कृपा अपार्टमेंट के प्रथम तल पर रहने वाली 35 वर्षीय महिला होमगार्ड अनुराधा तिवारी ने बुधवार की देर रात कमरे में रस्सी से फंदा लगाकर जान दे दी। मृतका के बेटे ने मां को फंदे पर लटकता देखा तो पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल की। वहीं, फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य इकट्ठा किया। पुलिस ने गुरुवार को मामले में मृतका की सास की तहरीर पर केस दर्ज कर एक महिला और एक पुरुष को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

अनुराधा तिवारी ● स्वजन

जानकारी के अनुसार अनुराधा के पति की तीन साल पहले मौत हो गई थी। इसके बाद अनुराधा को होमगार्ड की नौकरी मिली थी। पिछले महीने अनुराधा की ड्यूटी चितईपुर थाने में लगी थी। बुधवार को ड्यूटी से घर आने के बाद रात में वह अपने कमरे में चली गई थी। सास का कहना है कि पति की मौत के बाद अनुराधा बांदा निवासी अजय पांडेय नामक फार्मासिस्ट के संपर्क में आई थी। अजय की दवा कंपनी भी है। एक वर्ष पहले अजय के आफिस में काम करने के लिए अंजली नामक युवती आई, जिसके बाद अजय उसके करीब हो गया। आरोप है कि अजय ने अनुराधा के रुपये हड़प लिए थे। यह रकम कितनी थी, मालूम नहीं हो सका है। सास के अनुसार अजय पांडेय और अंजली ने उनकी बहू को आत्महत्या के लिए मजबूर किया है। चितईपुर थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश गौतम ने बताया कि दोनों आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। अजय यहां सारनाथ में रहता है। उसकी साथी अंजली बोकारो झारखंड की रहने वाली है। अजय की दवा कंपनी में अंजली एक वर्ष से काम करती है। जांच के दौरान पता चला कि महिला होमगार्ड अनुराधा तिवारी ने आरोपित अजय पांडेय के लिए कई लाख का लोन भी लिया था जिसका किश्त आरोपित ही भरता था। लेकिन कई महीने से वह किश्त भी नहीं भर रहा था। इसको लेकर भी झगड़ा हो चुका था। एसीपी गौरव कुमार ने बताया कि जांच की जा रही है।

10 करोड़ 80 लाख की जमा कराई अफीम

जासं, वाराणसी : जैतपुरा थाने में वर्ष 2012 में दर्ज मुकदमे में जब्त की गई 558 किलो अफीम दस साल से अधिक समय बाद निस्तारित कराई गई। इसकी कीमत 10 करोड़ 80 लाख रुपये बताई गई। टीम जब्त अफीम लेकर गाजीपुर स्थित केंद्रीय अफीम एवं क्षारोद कारखाना पहुंची, जहां नियमानुसार उसका निस्तारण कराया गया।



बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda

क्षेत्रीय कार्यालय - प्रथम तल, बड़ौदा भवन, प्लाट नं0 24, इण्डस्ट्रियल इस्टेट, चॉदपुर, वाराणसी - 221106 (उ0प्र0)

विक्रय सूचना

अचल सम्पत्तियों के बिक्री के लिए सूचना
अनुर्गत-IV-A (नियम 8(6) सपठित नियम 9(1) के प्रावधान देखें

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम,2002 सपठित प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6) सपठित नियम 9(1) के प्रावधान के तहत ई-नीलामी बिक्री सूचना।

एतदद्वारा जनसाधारण एवं ऋणी / जमानतकर्ता को विशेष रूप से यह सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अचल सम्पत्ति/बंधक/प्रभार युक्त सांकेतिक सम्पत्ति को , जिसे बैंक ऑफ बड़ौदा के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा कब्जे में लिया गया है, को बैंक के बकाया वसूली के लिए प्राधिकृत अधिकारी द्वारा '' जो है, जहाँ है'' ,''जो है जैसे है'' एवं ''जो कुछ भी है'' के आधार पर ई नीलामी /बिक्री की जायेगी। ऋणी/जमानतकर्ता / प्रतिभूति आस्ति/ देय/आरक्षित मूल्य/ ई-नीलामी की तिथि एवं समय, धरोहर राशि (ईएमडी) एवं बिड ब्रढ़ोत्तरी राशि का विवरण निम्नलिखित हैः-

नीलामी की तिथि : 28.10.2026 समय दोपहर 02:00 से सायँ 06:00 बजे तक
सम्पत्ति निरिक्षण तिथि व समय : 26.10.2026 सुबह 10:00 से सायँ 05:00 बजे तक

धरोहर राशि (ई.एम.डी.) का भुगतान ऑनलाईन एनईएफटी (चालान निष्पादन के बाद) या यूपीआई (UPI) के द्वारा (https://baanknet.com) के द्वारा दिनांक 27.10.2026 तक या उससे पहले किया जायेगा।

क0 सं0	ऋणीकर्ता/प्रोपराईटर का नाम एवं पता और शाखा	अचल सम्पत्ति का विवरण	कुल बकाया	आरक्षित मूल्य / अग्रिम धनराशि / बिड बढ़ोत्तरी धनराशि	कब्जा की स्थिति (सांकेतिक/ भौतिक)
1.	**ऋणकर्ताः मेसर्स के डी टेक्सटाइल्स** **प्रोपराईटरः कमालुद्दीन पुत्र हाजी हकबाल अहमद** **पता-** मकान नम्बर ए 39/46-आ-का, अराजी नम्बर 161/2 व 170, सरैया मोहल्ला, मौजा- अमरपुर, वार्ड- आदमपुर, परगना- देहात अमानत, तहसील व जिला- वाराणसी- 221101 **शाखा- अर्दली बाज़ार, वाराणसी**	सभी भाग अचल सम्पत्ति भूमि एवं भवन जिसका मकान नम्बर ए 39/46-आ-का, जिसका अराजी नम्बर- 161/2 व 170 स्थित मोहल्ला- सरैया, मौजा- अमरपुर, वार्ड- आदमपुर, परगना- देहात अमानत, तहसील व जिला- वाराणसी जिसका क्षेत्रफल- 1624.50 वर्ग फीट यानि 150.97 वर्ग मीटर, जो कि श्री कमालुद्दीन के नाम में है। **चौहद्दी** - पूर्वः नसीम का मकान व डॉ0 गफ्फार की खाली जमीन, पश्चिमः डॉ0 ताजाम्मुल की चहदीवारी, उत्तरः कच्चा रास्ता 10 फीट चौड़ा, दक्षिणः कच्चा रास्ता 8 फीट चौड़ा	रू 87,02,413.00 + ब्याज दिनांक 30.04.2026 से एवं अन्य खर्च (मांग सूचना जारी होने के बाद अगर कोई भुगतान है, को घटाकर	रू 94,21,000.00 9,42,100.00 10,000.00	सांकेतिक कब्जा
2.	**ऋणकर्ताः श्री राजकुमार सिंह** **सह-ऋणकर्ता/ओं- 1. श्रीमती सुमन सिंह, 2. श्री धर्मेन्द्र सिंह** **पता-** सभी निवासी एस 1/32 1ए, जय नगर कालोनी, गिलट बाजार, वाराणसी- 221002 **शाखा- अंतर्राष्ट्रीय व्यापार शाखा, वाराणसी**	सम्पत्ति का सभी भाग जिसका मकान नम्बर एस- 21/116-एल-2, प्लाट क्षेत्रफल- 2367 वर्ग फीट अराजी नम्बर 292 पर स्थित, मौजा- कैन्टोमेन्ट, इंगलिशिया लाईन, वार्ड- सिकरौल, परगना- शिवपुर, तहसील व जिला- वाराणसी। **चौहद्दी** - पूर्वः सार्वजनिक गली, पश्चिमः राम नारायन व मदन लाल अरोरा का मकान, उत्तरः जमुना प्रसाद का मकान, दक्षिणः सरकारी सड़क (ऊपर बताई गई चौहद्दी 24.03.2004 के विक्रय विलेख के अनुसार है)	रू 1,57,98,932.77 + ब्याज दिनांक 30.10.2025 से एवं अन्य खर्च (मांग सूचना जारी होने के बाद अगर कोई भुगतान है, को घटाकर	रू 3,58,83,000.00 35,88,300.00 10,000.00	सांकेतिक कब्जा

बिक्री के नियम एवं शर्तों की विस्तृत जानकारी के लिए कृपया निम्नलिखित लिंक पर अवलोकन करें- **www.bankofbaroda.in/e-auction.htm** तथा **https://baanknet.com** तथा इच्छुक बोलीकर्ता प्राधिकृत अधिकारी,अर्दली बाजार मोबाइल नं0 : **9554959020**, ईमेलः ordebs@bankofbaroda.bank.in, अंतर्राष्ट्रीय व्यापार शाखा मोबाइल नं0 : **9554959015**, ईमेलः Intvar@bankofbaroda.bank.in से सम्पर्क करें।

SCAN HERE

दिनांक : 25.09.2026   स्थानः वाराणसी   ह0 प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ बड़ौदा